हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

11 सुंदर प्रस्तुतियों से मोहा बच्चों ने दर्शकों का मन


11 रैली में जाने वाले वाहनों की होगी वीडियोग्राफी


## खबर संक्षेप

### किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**जुलाना।** गतौली में एक किसान की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतक की पहचान गतौली गांव निवासी 44 वर्षीय जयपाल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार किसान जयपाल रात अपने खेतों में पानी लगाने के लिए घर से निकले थे। सुबह खेतों के पास नाली में एक व्यक्ति के पड़े होने की सूचना ग्रामीणों को मिली थी।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** हसनपुर के पास पिकअप ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार पंजाब के बठिंडा निवासी सेवक की मौत हो गई। जबकि किनाना गांव निवासी उमेद गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। शुक्रवार को बठिंडा निवासी सेवक किनाना निवासी उमेद सिंह बाइक पर जींद की तरफ आ रहे थे।

### पुलिस अधिकारी की पत्नी के गहने चोरी

**जींद।** भटनागर कालोनी के एक मकान से एक महिला के गहने चोरी हो गए। इस महिला ने गहने अपने पिता के पास रखे थे। इस महिला का पति पुलिस में है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस लाइन कालोनी में रहने वाली महिला पूनम देवी ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### मकान से नकदी चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** मकान से नकदी चोरी मामले में थाना ढांड पुलिस द्वारा आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की डडवाना निवासी राम सिंह की शिकायत अनुसार वह रिस्तेदारी में गया हुआ था। वापस आया तो पाया की अज्ञात ने कमरे का ताला तोड़कर तथा अलमारी का ताला तोड़कर करीब 95 हजार रुपए नकदी चोरी कर ली गई।

### खेत में रखे ट्रांसफार्मर से 90 लीटर तेल चोरी

**जींद।** उझाना के खेतों में रखे ट्रांसफार्मर से चोरों ने 90 लीटर तेल चोरी कर लिया। पुलिस ने एसडीओ की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में बिजली निगम के एसडीओ महेंद्र सिंह ने कहा कि बिजली निगम ने उझाना गांव के किसान बलबीर के खेत में बिजली का ट्रांसफार्मर रखा हुआ है। 27 नवंबर को अज्ञात लोग इस ट्रांसफार्मर से 90 लीटर तेल चोरी कर ले गए।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

**कैथल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कंवल कुमार ने बताया कि आज 13 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए बेंचों का गठन किया जा चुका है। अदालत में दोनों पक्षों की सहमति से मुकदमों का निपटारा किया जाता है।

### इंवर्टर व चार बैट्री चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव पेगां के पास से हाइवे बनाने वाली कंपनी कार्यालय से इन्वर्टर व चार बैटरी चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायत में एनकेसी कंपनी के अमित ने कहा कि वह लोग एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहे हैं। चार दिसंबर को कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी पेगां गांव के पास स्थित कार्यालय से इन्वर्टर व चार बैटरी चोरी कर ले गया है।

### दो स्टोरियों से 4550 रुपये बरामद किए

**कैथल।** जिला पुलिस ने 2 मामलों में 2 स्टोरिये काबू कर लिए गए। जिनके कब्जे से 4550 रुपये नकदी बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस के पीएसआई अमित की टीम ने गुप्त सुचना मिलने उपरांत योजनाबद्ध तरीके से शक्तिनगर चंदाना रोड़ कैथल के पास दबिश दी थी।

---

*जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री अनिल विज ने सुनीं शिकायतें, बैठक में कुल 17 मामले रखे*

# जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही न बरतें

**बयान दर्ज करने में देरी पर मंत्री विज ने की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आरकेएसडी कॉलेज में आयोजित जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में पीड़िता के बयान दर्ज करने में देरी करने पर एएसआई को निलंबित करने के आदेश जारी किए हैं। इसी मामले में एडीसी की अगुवाई में एक कमेटी गठित कर जांच के आदेश जारी किए। साथ ही धोखाधड़ी के एक केस को करनाल स्थानांतरित कर वहां की जांच उपरांत रद्द किए जाने के मामले की जांच पंचकुला पुलिस कमिश्नर से करवाए जाने के आदेश जारी किए हैं। मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के समाधान में लापरवाही न बरती जाए, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में कुल 17 मामले रखे गए। इसमें दस पुरानी व सात नई शिकायतें रहीं।

## एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर जांच के निर्देश



मंत्री अनिल विज ग्रीविंसिज कमेटी की बैठक में जनता की शिकायत सुनते हुए।

**ये रहे मौजूद**

बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष मुनीष कठवाड़, नगर परिषद अध्यक्ष सुरभि गर्ग, जिला परिषद चेयरमैन कर्मबीर कौल, प्रवीण प्रजापति, शक्ति सौदा, यशपाल प्रजापति, आयुष गर्ग जिला प्रशासन में डीसी अपराजिता, एसपी उपासना, एडीसी सुरेश राविश, डीएमसी कपिल शर्मा, एसडीएम कलायत अजय हुड्डा, एसडीएम गुहला कैप्टन परमेश सिंह, सीटीएम गुरविंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**मंत्री का किया स्वागत**

अंतिम शिकायत गांव तितरम निवासी संदीप व मंदीप मलिक की थी। जिसमें उन्होंने धोखाधड़ी के एक केस को पुलिस द्वारा करनाल स्थानांतरित कर वहां की जांच उपरांत रद्द करने के आरोप लगाए थे। सुनवाई करते मंत्री अनिल विज ने मामले की जांच पंचकूला पुलिस कमिश्नर से करवाए जाने के आदेश जारी किए हैं। इसके बाद मंत्री अनिल विज ने एजेंडे से अलग आए अन्य आमजन की एक-एक करके शिकायत ली और डीसी व एसपी को सभी शिकायतों में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए। इसके बाद मंत्री अनिल विज ने गीता भवन मंदिर सभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की। सभा के प्रधान कैलाश भगत सहित अन्य पदाधिकारियों ने मंत्री का स्वागत किया।

मंत्री को एक दंपत्ति द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी पुत्री को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया था, लेकिन अन्य आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जा रही। मंत्री ने सुनवाई के दौरान पूछताछ की, जिसमें पीड़िता के अस्पताल से ब्यान दर्ज करने में देरी मिलने पर मंत्री अनिल विज ने मामले के जांच अधिकारी पूंडरी थाना में कार्यरत एएसआई को सस्पेंड करने के आदेश दिए। साथ ही इस मामले में एडीसी की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर गहनता से जांच कर 10 दिन के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस कमेटी में डीएसपी व एक गैर सरकारी सदस्य शक्ति सौदा को शामिल गया है।

**टीम बनाकर जांच करें**

धनौरी निवासी संतोष की उसके खेत के नहरी खाल पर कब्जे की शिकायत अगली शिकायत में गांव कांगथली के सरपंच व अन्य ने उनके क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा संचालित की जा रही डेयरी में नकली दूध, पनीर व अन्य पदार्थ तैयार करने की शिकायत दी थी। जिस पर फूड सेफ्टी ऑफिसर ने मंत्री अनिल विज को बताया कि डेयरी को सील कर गया है और संबंधित का लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया है। सैंपल जांच के लिए लैब में भिजवा दिए हैं। मंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लेते फूड सेफ्टी ऑफिसर को निर्देश दिए कि इस बात का पता लगाया जाए कि इस डेयरी का माल कहां कहां जाता था। इसके अलावा उन्होंने डीसी को भी आदेश दिए कि एक टीम बनाकर इसकी जांच करवाएं।

**सुविधाएं उपलब्ध करवाएं**

सेक्टर 21 निवासी नरेंद्र कुमार ने पर अवैध कब्जा करने संबंधित शिकायत दी थी। जिस पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण विभाग द्वारा अवैध कब्जा हटा दिया है। शिकायतकर्ता ने इस पर संतुष्टि जाहिर की। मंत्री ने इस पार्क में पेड़ पौधे व घूमने फिरने के लिए फुटपाथ आदि सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इस मामले का निपटान कैथल निवासी संध्या की परिवार पहचान पत्र में किसी अन्य महिला का नाम जोड़े जाने संबंधी थी। मंत्री के आदेश पर पुलिस ने संबंधित सीएससी संचालक तथा मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मंत्री अनिल विज ने इस मामले की गहनता से जांच करने के निर्देश दिए कर दिया गया।

## कुर्सियां करती रही विधायकों का इंतजार

- कष्ट निवारण समिति की बैठक से जिले के चारों विधायक रहे नदारद

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

मंत्री अनिल विज द्वारा दिसंबर माह में ली गई जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में शुक्रवार को मंत्री के साथ सजी जिले के चारों विधायकों की कुर्सियां विधायकों का इंतजार करती रही लेकिन वे नहीं आए। बाद में भाजपा के वरिष्ठ नेता इस कुर्सियों पर सजे। बता दें कि कैथल जिले की तीन सीटों पर कांग्रेस पार्टी तथा एक पर भाजपा से विधायक हैं। तीनों कांग्रेसी विधायक हर बार कष्ट निवारण समिति की बैठक में आमंत्रण न देने व सम्मान न देने बारे सरकार व जिला प्रशासन पर तंज कसते रहे हैं लेकिन इस बार जिला प्रशासन द्वारा जहां तीनों विधायकों को निमंत्रण भिजवाया गया था तो वहीं मंत्री के साथ अग्रणी पंक्ति में सभी चारों विधायकों की कुर्सी भी लगवाई गई थी। मजे की बात यह रही कि इस बैठक में कांग्रेस की बात तो दूर भाजपा के विधायक भी नदारद रहे। गौरतलब है कि पिछली बैठक के बाद कैथल से विधायक आदित्य सुर्जेवाला ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा था कि उन्हें तो जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक का प्रशासन की तरफ से निमंत्रण ही नहीं मिलता। अगर मिलता है तो उन्हें पिछली पंक्ति में बैठा दिया जाता है। उन्होंने यह भी कहा था कि उन्हें बैठक की सूचना नहीं दी जाती। अगर दी जाती है तो उन्हें शरारती बच्चे की तरह पिछली सीट पर बैठा दिया जाता है

**डीसी ने रखी थी कुर्सियां रिजर्व**

बता दें कि इस बार जिला प्रशासन द्वारा कष्ट निवारण समिति की बैठक में मंत्री अनिल विज के साथ पहली पंक्ति में चारों विधायकों के लिए चार कुर्सियां लगवाई थी तथा उन्हें रिजर्व रखा गया था। मंत्री आने के काफी समय बाद तक भी जब कोई भी विधायक नहीं आया तो बाद में भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर, मुनीष कठवाड, जिप चेयरमैन कर्मबीर कौल तथा नप चेयरमैन सुरभि गर्ग इन कुर्सियों पर बैठे नजर आए।

**सीएम से मिलने गया था: सतपाल**

हलका पूंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने बताया कि ग्राम चूहड़माजरा में 23 दिसंबर को जगद्गुरु स्वामी ब्रह्मानन्द जी महाराज की पावन जयंती उत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इसी क्रम में वे आज संत समाज एवं समाज के सम्मानित सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ संत कबीर कुटीर पहुंचा, जहां उन्होंने जयंती उत्सव का सह-परिवार निमंत्रण मुख्यमंत्री को सौंपा।

**किसान प्रदर्शन में गया था: आदित्य**

विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि आज उनका यमुनानगर में किसानों का प्रदर्शन था। वे वहां गए हुए थे। वे वहां पर किसान व मजदूरों की आवाज उठाने के लिए वहां गए थे। यह कार्यक्रम पहले से ही फिक्स था जबकि जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक का न्योता तो बाद में आया।

**जनता के कार्यक्रम में था: देवेंद्र**

गुहला के विधायक देवेंद्र हंस ने बताया कि जब वे मीटिंग रखते हैं तो उनसे कोई पूछताछ नहीं होती। उन्हें जनता के अनुसार चलना पडेगा। वे आज भी जनता के सुख दुख के कार्यक्रमों में शरीक होने पहुंचे थे। हंस ने कहा कि इस बार बैठक की सूचना तो मिली लेकिन इससे पूर्व सूचना भी नहीं मिलती थी। इस बार जिला प्रशासन द्वारा अच्छा प्रोटोकोल बनाया गया था वे आगामी बैठक में अवश्य आएंगे।

**नहीं रिसिव किया मोबाइल**

बैठक से नदारद रहने पर कलायत से विधायक विकास सहारण से बातचीत करने हेतु उनके मोबाइल पर संपर्क किया गया तो बार बार रिंग जाने के बावजूद वे उपलब्ध नहीं हो सके।

---

### कर्मचारियों ने मीटिंग कर जताया रोष

**राजौंद।** बिजली घर के प्रांगण में विद्युत प्रसारण निगम के कर्मचारियों की रोष स्वरूप गेट मीटिंग की गई। गेट मीटिंग सुबह 9 से 11 बजे तक की। गेट मीटिंग सेंटर काउंसिल के आह्वान पर की गई। मीटिंग का उद्देश्य बिजली विभाग में लागू की जा रही ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी का विरोध करना रहा। गेट मीटिंग की अध्यक्षता अश्विनी ढांडा सब यूनिट प्रधान ने की,जबकि मीटिंग का संचालन मुकेश कोटडा ने किया। गेट मीटिंग के दौरान संबोधित करते सब यूनिट प्रधान अश्विनी ढांडा ने कहा कि निगम मैनेजमेंट की गलत सोच व गलत नीति का उदाहरण है कर्मचारियों की ऑनलाइन ट्रांसफर नीति। कहा कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के कारण कर्मचारियों की बदली होने से विभाग में कर्मचारियों में एक्सीडेंट का खतरा ज्यादा रहेगा।


**पाई।** टूटी पड़ी सड़क। फोटो :हरिभूमि

**सड़क का निर्माण करवाने की मांग**

**पाई।** पाई के ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व सरकार से पाई में स्कूल के पास सिसमोर वाली सडक बनाने की मांग की है। ग्रामीण संजय, दिलबाग, कृष्ण, करेशन, रामकुमार, राजेश आदि ने बताया कि पाई गांव में राजोंद पूंडरी मार्ग से स्कूल के पास से सिसमोर गांव की ओर जाने वाली सडक पर गहरे खड्डे बन गये है। इस मार्ग पर गहरे खडड़े होने के कारण हर समय दूघर्टना का अंदेशा लगा रहता है। इस गहरे खड्डों के बावजूद वाहन तेज गति से निकलते है। इस मार्ग पर सरकारी व प्राईवेट दो तीन स्कूल है। साईकिल पर स्कूल आने वाले बच्चें भी चोटिल हो रहे है। उन्होंने सरकार व जिला प्रशासन से सडक को नये सिरे से बनाने तथा इस पर स्कूलों के पास स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की है।

## ऑनलाइन पॉलिसी के विरोध में नारेबाजी

- बिजली निगम में ऑनलाइन पॉलिसी लागू होने से बढ़ेंगे हादसे : कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


**जींद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बिजली निगम कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

एचएसईबी वर्कर यूनियन केंद्रीय परिषद के आह्वान पर शुक्रवार को बिजली निगम कर्मियों ने ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी कर्मियों ने निर्णय लिया कि आगामी 16 दिसंबर तक ओपरेशन सब डिवीजन सिटी जींद कार्यालय प्रांगण में सुबह 10 से 12 बजे तक दो बजे तक प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनकारी बिजली कर्मियों को संबोधित करते हुए प्रधान सुरेंद्र ने कहा कि सरकार ने जो ऑनलाइन पॉलिसी लागू करने की बात कही है वह बिजली बोर्ड के लिए खतरे की घंटी है। यह ऑनलाइन पॉलिसी तो शिक्षा विभाग में जरूरी है। अध्यापकों को तो कुर्सी पर बैठ कर शिक्षा देनी है जबकि बिजली विभाग में तो खंभे पर चढ़ कर काम करना है। आज कर्मी का एक एरिया चेंज कर देते हैं तो उसे बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। क्योंकि लाइनमैन को एरिया की अधिक जानकारी नही होती है। ऐसे में कभी भी हादसा हो सकता है। लाइन पर काम करते हुए कई साथियों के साथ हादसे भी हो चुके हैं। यब बहुत खतरे का काम है। अगर सरकार ने यह पॉलिसी लागू की तो दुर्घटनाएं अधिक बढ़ जाएंगी। सरकार से मांग करते हैं कि ऑनलाइन पॉलिसी को बंद कर दें। बिजली निगम में हर तरह की ऑनलाइन पालिसी बंद की जाए। सुनील कुमार, अनिल कुमार, राजेश कुमार ने कहा कि विभाग में ऑनलाइन पॉलिसी को लागू नही होने दिया जाएगा। इस पॉलिसी में बहुत सी खामियां है। टैक्रीकल कर्मचारी को ऑनलाइन पॉलिसी में लिया गया है।


**सीवन।** लगाई जा रहे बोरवेल का निरीक्षण करते पार्षद। फोटो :हरिभूमि

**सीवनः चार नए बोर लगाए जाएंगे**

**सीवन।** नगर पालिका प्रशासन द्वारा नगर में पेयजल आपूर्ति को मजबूत और सुचारू बनाने के लिए व्यापक योजना के तहत चार नए बोर (बोरवेल) स्थापित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पहला बोर इंद्रजीत मदान द्वारा जनहित में प्रदान की गई भूमि पर स्थापित किया जा रहा है। पार्षद विकास शर्मा एवं पार्षद रामदास आर्य ने इस स्थल का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की जानकारी ली। निरीक्षण के उपरांत पत्रकारों से बातचीत करते हुए पार्षद विकास शर्मा ने बताया कि नगर में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। कहा कि "नगर के विभिन्न क्षेत्रों में पानी की कमी और सप्लाई बाधित रहने की समस्या को दूर करने के लिए चार नए बोर लगाए जा रहे हैं। इनमें से पहला बोर इंद्रजीत मदान द्वारा उपलब्ध कराई गई जमीन पर लगाया जा रहा है, जो पूरी तरह जनहित का कार्य है।" पार्षद रामदास आर्य ने कहा कि यह बोर किसी एक व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने के लिए नहीं बल्कि पूरे नगर की सुविधा के लिए लगाया जा रहा है। उन्होंने भूमि उपलब्ध करवाने के लिए इंद्रजीत मदान का धन्यवाद व्यक्त किया और कहा कि ऐसे सहयोग से ही नगर के विकास कार्य गति पकड़ते हैं।

## 20 गांवों के उपभोक्ताओं को ओवरलोड की समस्या से जल्द निजात मिलेगी

**19 करोड़ से लुदाना-लिजवाना में बनेंगे 33 केवी के पॉवर हाउस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव लुदाना और लिजवाना कलां में 33 केवी के पावर सब स्टेशन बनेंगे। इन स्टेशनों का वर्ष 2026 तक निर्माण पूरा हो जाएगा। इस समय दोनों स्टेशनों का निर्माण चल रहा है। इन स्टेशनों के बनने से लगभग 20 गांव के उपभोक्ताओं को ओवरलोड की समस्या से निजात मिलेगी। बिजली निगम ने ग्रामीण इलाकों में बिजली व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में लुदाना और लिजवाना कलां में दो नए पावर हाउस बना रहा है। इस पर 19 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इन पावर हाउसों के चालू होने से आसपास के लगभग 20 गांवों के सैंकड़ों उपभोक्ताओं को पूरी वॉल्टेज के साथ बिजली मुहैया होगी। फिलहाल इन गांवों में कम वॉल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग और लाइन ओवरलोड होने जैसी समस्याएं बनी रहती हैं। कई बार उपभोक्ताओं को घरेलू उपकरण जलने, मोटरें न चलने और धान, गेहूं की सीजन में कृषि कार्य प्रभावित होने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नए पावर हाउसों के शुरू होने के बाद उपभोक्ताओं को इन समस्याओं से काफी हद तक छुटकारा मिलेगा। ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से वे कम वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। जिसके कारण पानी की मोटरें तक सही से नहीं चल पाती। गर्मियों में पंखे और कूलर के न चलने से परेशानी और बढ़ जाती है। ग्रामीणों को पावर हाउस बनने के बाद इन परेशानियों से निजात मिलेगी। लुदाना और लिजवाना पावर हाउसों में 37.5 एमवीए के तीन ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इनमें लुदाना में 12.5 एमवीए और लिजवाना कलां में 12.5 के दो ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे।

## बठिंडा सुपरफास्ट का 19 से 30 दिसंबर तक होगा विशेष ठहराव

**रेलगाड़ी के ठहराव से जींद के यात्रियों को होगा फायदा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बुढलाडा में ट्रेन नंबर 20409-10 बठिंडा सुपरफास्ट ट्रेन का 19 से 30 दिसंबर तक विशेष ठहराव किया जाएगा। इससे जींद के यात्रियों को भी फायदा होगा। यहां गुरुद्वारा ब्रह्म बुंगा साहिब दोदरा में 12 दिन तक समागम का कार्यक्रम होगा। इसमें नाम सिमरन, कीर्तन व अमृत संचार जैसी धार्मिक कार्यक्रम होंगे। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में रेलवे ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बठिंडा सुपरफास्ट ट्रेन का 12 दिन तक अस्थायी ठहराव करने का निर्णय लिया है। ट्रेन नंबर 20409 10:59 पर बुढलाडा पहुंच कर यहां दो मिनट के ठहराव के बाद बठिंडा के लिए चलेगी। जो वहां दोपहर बाद 12:35 पर पहुंचेगी। वहीं ट्रेन नंबर 20410 वापसी में बठिंडा से तीन बज कर 55 मिनट पर चलेगी। जो चार बजकर 44 मिनट पर बुढलाडा पहुंचेगी। यहां दो मिनट ठहराव के बाद ट्रेन आगे दिल्ली की ओर जाएगी। रेलवे स्टेशन अधीक्षक जेएस कुंडू ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे ने बठिंडा सुपरफास्ट ट्रेन का बुढलाडा में अस्थाई तौर पर दो मिनट का ठहराव करने का निर्णय लिया है।

---

*सरपंच रतनी देवी के प्रतिनिधि की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया फैसला*

# बगैर पंचायत परमिशन के स्कूल में राजनीतिक कार्यक्रम पर बैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

पेगां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राजनीतिक कार्यक्रमों पर रोक को लेकर शुक्रवार को पंचायत का आयोजन हुआ। जिसमें पेगां गांव की सरपंच रतनी देवी की तरफ से प्रतिनिधि सुरेंद्र ने भाग लिया। इस दौरान स्कूल स्टाफ तथा पंचायत के बीच काफी समय तक एक मिटिंग चली। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पंचायत की बिना सहमति के स्कूल में कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होगा। इसके लिए पंचायत की सहमति की जरूरी है।


पेगां स्कूल में आयोजित पंचायत में भाग लेते गांव के गणमान्य लोग तथा अध्यापकगण।

पंचायत में बोलते सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र ने बताया कि अध्यापक सरपंच को बिना बताए स्कूल में कोई राजनीतिक कार्यक्रम रख लेते हैं, जोकि बच्चों की पढाई पर इसका विपरित असर पड़ता है। अगर किसी अध्यापक या स्कूल स्टाफ को स्कूल में कोई राजनीतिक कार्यक्रम रखना है तो पहले पंचायत को सूचित करें ताकि बच्चों हितों को ध्यान में रखते कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। सरपंच प्रतिनिधि ने बताया कि वीरवार को स्थानीय विधायक का कार्यक्रम राजनीतिक से प्रेरित था। इसके लिए स्कूल स्टाफ को पहले पंचायत से परमिशन लेनी थी। पंचायत किसी राजनेता का विरोध नहीं करती, बल्कि पंचायत तथा स्कूल स्टाफ मिलकर एक अच्छा कार्यक्रम स्थापित कर सकती है। इसके लिए पंचायत तथा स्कूल स्टाफ में भविष्य को लेकर राजनीतिक कार्यक्रमों को लेकर सहमति बनी कि स्कूल कार्यक्रम से पहले पंचायत को अवगत करवाएगा। उसके बाद राजनीतिक कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार होगी। इस अवसर पर गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**बच्चों की पढ़ाई पर विपरित असर**

सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र पेगां ने बताया कि एक अध्यापक ने बिना पूछे स्कूल में स्थानीय विधायक का वीरवार को एक कार्यक्रम रखा था जो पंचायत के विरोध के बाद स्थगित हो गया था, लेकिन स्कूल स्टाफ को स्कूल में कोई राजनीतिक प्रोग्राम से पूर्व पंचायत से पूछ लेना चाहिए ताकि कार्यक्रम में पूरा गांव सम्मलित हो। ऐसे में स्कूल में राजनीतिक कार्यक्रम रख लेने से बच्चों की पढाई पर विपरित असर पड़ता है। जिससे पंचायत को यह कार्यक्रम स्थगित करवाना पड़ा। इसके लिए शुक्रवार को हुई पंचायत में स्कूल स्टाफ तथा पंचायत में सहमति बन गई है कि पंचायत की बिना परमिशन के भविष्य में स्कूल में कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं होगा।

### हड़ताल समाप्त होने पर मरीजों ने ली राहत की सांस

**जींद।** हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसो की सरकार से मांगों को लेकर वार्ता सफल रहने के बाद बीती देर रात को हडताल समाप्त करने का ऐलान किया गया। हडताल समाप्त होते ही शुक्रवार को पहले की तरह ही सभी चिकित्सक काम पर वापस लौटे और अपने-अपने कमरों में बैठ कर ओपीडी। पिछले चार दिनों में ओपीडी एक हजार के आसपास रह रही थी। शुक्रवार को ओपीडी 1270 तक पहुंची। वहीं 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती किया। साथ ही सात आप्रेशन भी हुए। हालांकि आंखों के आप्रेशन नही हो पाए कुल 12 आप्रेशन पेंडिंग रहे। जिन्हें संबंधित चिकित्सकों द्वारा सोमवार को किया जाएगा। सभी चिकित्सकों व अधिकारियों ने ओपीडी के साथ-साथ प्रशासनिक कार्यों को भी देखा। सबसे ज्यादा राहत उन मरीजों को मिली, जिन्हें आप्रेशन के लिए बोला गया था।



# 'ना तो कारवां की तलाश' नया नहीं, 1960 का पुराना गाना है

**मुंबई।** फिल्ममेकर आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का जादू हर तरफ छाया हुआ है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल लीड रोल्स में हैं। फिल्म को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है और यही नहीं, फिल्म की बाकी बातों की तरह इसके गानों को भी उतना ही पसंद किया जा रहा है। लोग सबसे ज्यादा तो रणवीर सिंह के एंट्री सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' की बात कर रहे हैं। इस गाने पर खूब रील्स भी कट रहे हैं। धुरंधर में रणवीर सिंह की एंट्री पर बजने वाला गाना 1960 की हिंदी क्लासिक फिल्म 'बरसात की रात' का कव्वाली सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' है। इस फिल्म का निर्देशन पी. एल. संतोषी ने किया था और इसमें भरत भूषण और मधुबाला लीड रोल्स में थे।

## लाइफ Style



# ऋचा
## चाहती थीं काम करना, शरीर और मन नहीं था तैयार

ऋचा चड्ढा आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'फुकरे 3' और पिछले साल आई वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में दिखाई दीं। पिछले साल जुलाई में ही उन्होंने बेबी गर्ल को जन्म दिया. तबसे उन्होंने काम नहीं किया और बेबी के साथ ही वक्त बिता रही हैं। अब उन्होंने एक भावुक नोट शेयर किया है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऋचा चड्ढा ने मां बनने के बाद अपने जीवन में आए इमोशनल, फिजिकल और प्रोफेशनल चैलेंजेस के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने लगभग दो साल बाद काम पर लौटने की अपनी जर्नी को भी साझा किया है। उन्होंने ईमानदारी और बेबाकी के मैटरनिटी और एंटरटेमनेंट की दुनिया की सच्चाइयों को बिना किसी लाग-लपेट के सामने रखा है। ऋचा चड्ढा अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ-साथ नोट भी लिखा है। उन्होंने नोट में काम पर लौटने की मुश्किलों का जिक्र किया है। उन्होंने माना कि भले ही वह जल्दी लौटना चाहती थीं, लेकिन उनका शरीर और मन इसके लिए तैयार नहीं था। उन्होंने बच्चे के जन्म के बाद मानसिक रूप से धीरे-धीरे और जटिल तरीके से उबरने की बात कही। ऋचा चड्ढा ने यह भी बताया कि एक नई मां को खुद को फिर से खोजने के लिए किस तरह के सपोर्ट सिस्टम की जरूरत होती है। ऋचा ने इस संवेदनशील दौर में अपने पेशेवर जीवन में झेली गई तकलीफों का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री में विश्वासघात और नैतिकता की कमी को लेकर खुलकर बात की। ऋचा चड्ढा का पोस्ट सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हस्तियों, खासकर नई मांओं पर कंटेंट बनाने के दबाव की भी आलोचना करता है।

## हॉलीवुड मसाला




# स्ट्रीट फाइटर का पहला लुक आया सामने

**लॉस एंजिल्स।** विद्युत जामवाल फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'से हॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। अब फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है। अपने फर्स्ट लुक में विद्युत बाल्ड लुक में काफी दमदार नजर आ रहे हैं। उनका ये लुक रिवील होते ही सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है। लोकप्रिय वीडियो गेम पर आधारित फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'में विद्युत जामवाल योगी धल्सिम की भूमिका में नजर आएंगे। अब उनका पहला लुक सामने आया है। इस लुक में विद्युत बाल्ड (गंजे) नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक में विद्युत मार्शल आर्ट की एक पोजिशन में नजर आ रहे हैं। वो हाथों, पैरों, गले और कानों में अजीब से भारी आभूषण पहने हुए हैं। सिर और चेहरे पर लाल रंग से लाइनें भी बनी हुई हैं।



# एक्शन अंदाज में नजर आईं मिली एल्कॉक

**लॉस एंजिल्स।** डीसी स्टूडियोज की नई फिल्म 'सुपरगर्ल' अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का टीजर-ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। एक्शन से भरपूर इस टीजर ने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। टीजर-ट्रेलर की शुरुआत एक आम टीनएज लड़की से होती है, जिसकी जिंदगी काफी अस्त-व्यस्त है। लेकिन, परिस्थिति कुछ ऐसी बनती हैं कि उसे अपनी सुपरपावर का इस्तेमाल करना पड़ता है, बुरे लोगों से दुनिया को बचाना पड़ता है। इस काम में उसकी मदद एक अनजान लड़की भी करती है। फिल्म 'सुपरगर्ल' को क्रेग गिलेस्पी ने निर्देशित किया है। फिल्म के टीजर-ट्रेलर के साथ मेकर्स ने रिलीज डेट भी शेयर की है। अगले साल यह फिल्म रिलीज होगी। इस रिलीज की तारीख जून 2026 है। फिल्म 'सुपरगर्ल' में भी 'सुपरमैन' के लेवल का एक्शन और वीएफएक्स देखने को मिल रहा है। विलेन भी काफी खूंखार नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी एक्शन सीन्स पर परफेक्ट बैठ रहा है।




# बॉर्डर 2 का टीजर 16 दिसंबर को होगा रिलीज

**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म के टीजर रिलीज को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर 2' का टीजर 16 दिसंबर को विजय दिवस के मौके पर रिलीज किया जाएगा। टीजर की रिलीज डेट घोषित करते हुए मेकर्स की ओर से फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है। इस पोस्टर में फिल्म के चारों नायक सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। अलग-अलग जारी किए गए किरदारों के पोस्टर्स के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह पैदा हो गया है। अब मेकर्स ने एक साथ चारों किरदारों की झलक दिखाई है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह और भी बढ़ गया है।




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के चौथे सीजन का आया ट्रेलर

**मुंबई।** ओटीटी की लोकप्रिय महिला-केंद्रित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' एक बार फिर अपने दर्शकों से मुखातिब होने को तैयार है। चौथा और फाइनल सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे देखकर साफ हो जाता है कि इस बार कहानी सिर्फ ग्लैमरस नाइट-लाइफ, रिश्तों और दिल टूटने तक सीमित नहीं रहने वाली, बल्कि इस बार बात पर्सनल लड़ाइयों तक जा पहुंची है। इस बार ट्रेलर में काफी कुछ खास देखने को मिलेगा। अमेजन प्राइम वीडियो पर 19 दिसंबर को स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज में सिद्धि, उमंग, दामिनी और अंजना अपने जीवन के उस मोड़ पर खड़ी नजर आती हैं, जहां उन्हें यह स्वीकार करना पड़ता है कि अब बदलाव जरूरी है। ट्रेलर में चारों दोस्त खुद को सुधारने के लिए छह महीनों की चुनौती लेती दिखती हैं।

## टीवी मसाला



# केबीसी में 25 लाख रुपए के सवाल पर गोल्ड मेडलिस्ट ने भी मानी हार

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के एक एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट शीतल के साथ हुई जो कृषि विज्ञान से जुड़े फील्ड में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्होंने बिग बी द्वारा पूछे गए शुरुआती दस सवालों का बड़े अच्छी से जवाब दिया और सुपर संदूक राउंड में 8 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन 'ऑडियंस पोल' जिंदा कर दी है। अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट शीतल से कंटेस्टेंट 12.50 लाख रुपए के 12वें सवाल फंस गई थीं। हालांकि, उन्होंने अपनी बची दोनों लाइफलाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया और जोखिम उठाते खेल जारी रखा। बिग बी ने कंटेस्टेंट से सवाल पूछा, 'टेस्ट शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन हैं, जो टेस्ट टीम की पहली कप्तान भी थीं?' विकल्प हैं- ए. डायना एडुल्जी, बी. शांता रंगस्वामी, सी. नीतू डेविड, डी. शुभांगी कुलकर्णी। कंटेस्टेंट ने रिस्क उठाते हुए विकल्प बी. शांता रंगस्वामी को चुना, जो सही है। बिग बी ने फिर कंटेस्टेंट से 25 लाख रुपए का 13वां सवाल पूछा, 'आइसैक न्यूटन ने 1687 में अपनी रचना, 'प्राकृतिक दर्शन के गणितयी सिद्धांत'किस भाषा में प्रकाशित की थी?' विकल्प हैं- ए. यूनानी, बी. फ्रेंच, सी. लैटिन, डी. अंग्रेजी। कंटेस्टेंट शीतल ने इस सवाल पर गेम क्विट कर दिया और 12.50 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। इस सवाल का सही जवाब है- लैटिन।

## 'क्योंकि सास' में होगी नए चेहरे की एंट्री

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अब शो में एक नए चेहरे की एंट्री होने जा रही है। शो में छह साल के लीप की बात भी बरखा बिष्ट ने कंफर्म की है। शो में नए चेहरे और 6



साल के लीप के बाद फैंस को बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो शो में संदीप बसवान की एंट्री हो सकती है। संदीप की एंट्री शो में साहिल वीरानी के रूप में होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, संदीप बसवान शो में नए ट्विस्ट और टर्न लेकर आएंगे। संदीप बसवान शो के पहले सीजन का भी हिस्सा थे। सीजन 2 में उनके रिटर्न को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। हालांकि, मेकर्स या संदीप की तरफ से इस बात का कोई कंफर्मेशन नहीं आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लीप के बाद अंगद और वृंदा का पेरेंटहुड दिखाया जाएगा। दोनों के दो बच्चे दिखाए जाएंगे। वहीं, मिहिर और तुलसी के बीच दूरी भी देखने को मिलेगी। शो का जो नया प्रोमो आया है उसमें दिखाया गया कि तुलसी अंगद और वृंदा के साथ चॉल में रह रही होगी।

# सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक ओटीटी पर रिलीज हुआ एंटरटेनमेंट का सुपरडोज

**नई दिल्ली।** दिसंबर का दूसरा शुक्रवार ओटीटी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। साल के आखिर में जहां प्लेटफॉर्म्स अपनी सबसे मजबूत लाइनअप सामने ला रहे हैं, वहीं 12 दिसंबर को एक ही दिन में पांच दमदार रिलीज ने वीकेंड को पहले से एक्साइटेड बना दिया है। नेटफ्लिक्स से लेकर जी 5 और जियो हॉटस्टार तक- हर प्लैटफॉर्म ने ऐसा कंटेंट पेश किया है जो मनोरंजन के अलग-अलग टेस्ट को पूरा करता है। सस्पेंस, कॉमेडी, फैमिली ड्रामा, इमोशन्स और रोमांच- इस बार की लिस्ट में सबकुछ देखने को मिल रहा है।

### वेक अप डेड मैन: ए नाइव्स आउट मिस्ट्री

डेनियल क्रेग की वापसी के साथ नाइव्स आउट सीरीज का नया अध्याय दर्शकों में रोमांच भरने के लिए तैयार है। यह कहानी एक ऐसे धार्मिक समुदाय में होने वाली हत्या के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो पहली नजर में भले ही शांत दिखे, लेकिन भीतर कई रहस्यों को छिपाए बैठा है। जासूस बेनोइट ब्लांक इस बार एक युवा पादरी के साथ मिलकर उस पहेली को सुलझाने निकलता है जो असंभव लगती है। अनोखे किरदार, तनाव और चौंका देने वाले मोड़ों के कारण यह फिल्म मिस्ट्री प्रेमियों के लिए परफेक्ट वॉच है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।



### कांता

1950 के दशक का मद्रास, बदलते सामाजिक ढांचे का दौर और उसके बीच पैदा हुआ रचनात्मक तनाव- 'कांता' अपनी पृष्ठभूमि और प्रस्तुति के कारण एक अलग ही दुनिया में ले जाती है। दुलकर सलमान, राणा दग्गुबाती और समर्थ कलाकारों की टोली इस पीरियड मिस्ट्री को ऊंचाई देती है। फिल्म उद्योग की प्रतिस्पर्धा से शुरू होने वाली कहानी जल्द ही एक स्याह मोड़ लेती है जब हत्या की गुत्थी खुलती है। विंटेज अंदाज और रहस्य का मिश्रण इसे विशेष बनाता है।

### सिंगल पापा

हल्की-फुल्की कॉमेडी और इमोशनल टच चाहने वालों के लिए यह नई सीरीज काफी अच्छी साबित होने वाली है। कुणाल खेमू एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका में हैं, जिसकी जिंदगी तलाक के बाद अचानक करवट लेती है- जब वह एक बच्चे को गोद ले लेता है। बेपरवाह और बचकाने स्वभाव वाला गौरव गेहलोत जब पेरेंटिंग की जिम्मेदारियों में घिरता है, तो परिवार की प्रतिक्रियाएं और हालात मजेदार भी बनते हैं और भावुक भी। रिश्तों, जिम्मेदारियों और नए आरंभ की यह कहानी दिल को छूने वाली है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है।

# कुछ हद तक हंसाती है कपिल की फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2'

**नई दिल्ली।** सोचिए अगर एक ही आदमी मोहन, महमूद, माइकल और मंजीत चार किरदार निभाए, चार धर्मों में अलग-अलग बीवियां रखे तो उसका हश्र क्या होगा? बस इतनी कहानी है फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' की। फिल्म की शुरुआत होती है भोपाल शहर के रहने वाले मोहन शर्मा (कपिल शर्मा) से जो सानिया (वरीना) से बेहद प्यार करता है। सानिया से शादी करने के चक्कर में मोहन के सामने ऐसी-ऐसी सिचुएशन आती है कि उसे रूही (आयशा खान), मीरा (त्रिधा चौधरी) और जेनी (पारुल गुलाटी) से भी शादी करनी पड़ जाती है। अब अंत में मोहन अपना असली प्यार कैसे पाता है? यह आपको फिल्म देखकर पता चलेगा।

### कैसा है अभिनय ?

कपिल शर्मा कॉमेडी तो कर सकते हैं पर एक्टिंग में सिर्फ कॉमेडी नहीं करनी होती, यह उन्हें समझना होगा। हालांकि, उनका काम पहले से बेहतर है पर रोमांटिक गानों और इमोशनल सीन में वो फीके लगते हैं। हां, कॉमिक टाइमिंग और पंच मारने में उन्हें कोई टक्कर नहीं दे सकता। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि उन्होंने यह फिल्म अपने कंधों पर संभाली है। चार हीरोइन वाली इस फिल्म में आयशा और त्रिधा का काम अच्छा है। पारुल कहीं-कहीं फीकी रहीं। वरीना के तो एक्सप्रेशन पूरी फिल्म में गायब ही रहे। मनजोत ने इस फिल्म को बखूबी संभाला है। अखिलेंद्र मिश्रा और विपिन शर्मा जैसे मंझे हुए कलाकार भी इस फिल्म के संभालते हैं। सुशांत का रोल छोटा है पर उनका काम ठीक है। असरानी के कुल चार सीन हैं और उन्हें देखकर अच्छा लगता है। पूरी फिल्म में जैमी लीवर की ओवरएक्टिंग और एक ही टोन इरिटेट करती है।



### क्या बेहतर ?

यह फिल्म चार धर्मों की बात करती है पर कहीं भी ऐसा डायलॉग या सीन नहीं है जो किसी धर्म को आहत करे। यह कमाल राइटर का है। फिल्म में कपिल शर्मा, मनजोत सिंह, विपिन शर्मा, अखलेंद्र मिश्रा जैसे कलाकार आपको हंसाते हैं। कुछ पंच और कुछ सीन अच्छे बन पड़े हैं। एक गाना छोड़ दें तो परिवार के साथ इस फिल्म के देख सकते है। फिल्म के लास्ट सीन में आपके लिए एक सरप्राइज है, जो अच्छा है।

## 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया

# जब बस कंडक्टर को हुआ एमबीबीएस स्टूडेंट से प्यार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

साल 1975 में जब सिनेमाघरों में कल्ट फिल्म शोले रिलीज हुई थी। ठीक उसी दिन 15 अगस्त 1975 को भारतीय सिनेमा में एक ऐसे शख्स ने कदम रखा था, जो इससे पहले बस कंडक्टर का काम करता था। उस वक्त किसी को नहीं पता था कि आगे चलकर ये एक्टर हिंदी सिनेमा का सबसे बड़ा सुपरस्टार रजनीकांत बन जाएगा।

### मराठी परिवार में हुआ जन्म

रजनीकांत का जन्म 12 दिसंबर 1950 को एक मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस हेड कांस्टेबल थे। फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले रजनी का नाम शिवाजी राव गायकवाड़ था। रजनी जब महज चार वर्ष के थे तब उनके सिर से मां का साया हट गया। घर की आर्थिक स्थिति खराब थी। इस वजह से रजनीकांत को बचपन में कई संघर्षों से गुजरना पड़ा।

### के. बालचंद्र ने पहचानी रजनी की प्रतिभा

एक्टिंग सीखने के दौरान ही रजनीकांत की मुलाकात दिग्गज फिल्म निर्देशक के. बालचंद्र से हुई। के. बालचंद्र ही वो निर्देशक हैं, जिन्होंने रजनीकांत की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें पहली बार अपनी फिल्म में मौका दिया। के. बालचंद्र ने ही शिवाजी राव गायकवाड़ को रजनीकांत नाम दिया। रजनीकांत का नामकरण 27 मार्च 1975 को होली के मौके पर हुआ था और दिन था गुरुवार। जिसे रजनीकांत अपने लिए शुभ मानते थे।



### पहली फिल्म में निभाई निगेटिव भूमिका

*रजनीकांत ने साल 1975 में आई फिल्म 'अपूर्व रागंगल' से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। यह फिल्म 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई थी, जिस दिन हिंदी सिनेमा की कल्ट फिल्म शोले भी रिलीज हुई थी। उस वक्त रजनीकांत की उम्र 25 वर्ष थी। डेब्यू फिल्म में वे एक छोटी सी निगेटिव भूमिका में दिखाई दिए। कुछ वक्त तक इसी तरह के रोल किए। इसके बाद उनके पास लीड रोल का ऑफर आना शुरू हो गया और देखते ही देखते वे इस कदर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए कि आज फैंस उन्हें भगवान का दर्जा देते हैं। फिल्मी दुनिया में रजनीकांत का क्या कद है, यह दुनिया जानती है।*

### अमिताभ बच्चन के साथ की बॉलीवुड में शुरुआत

दक्षिण सिनेमा में कॅरियर शुरू करने के करीब आठ साल बाद रजनीकांत ने बॉलीवुड का रुख किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'अंधा कानून' थी। साल 1983 में रिलीज हुई इस फिल्म में रजनीकांत ने हेमा मालिनी, अमिताभ बच्चन, प्राण, अमरीश पुरी और डैनी डेंगजोंग्पा जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त रही। इसने बजट से करीब चार गुना अधिक कारोबार किया है।

### फिल्मों में आने से पहले थे बस कंडक्टर

फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत का जीवन काफी संघर्षमय था। फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत एक कुली और बस कंडक्टर रह चुके हैं। उन्होंने ऑफिस बॉय के रूप में भी नौकरी की। हालांकि, बस कंडक्टर रहते हुए रजनी के टिकट बेचने का तरीका काफी स्टाइलिश था, जिसकी वजह से वो यात्रियों और बस ड्राइवर्स व कंडक्टरों में काफी मशहूर भी थे।

### निम्मी के प्यार में थे 'थलाइवा'

हीरो बनने से पहले जब रजनीकांत बस कंडक्टर थे, उस वक्त वो एक लड़की के प्यार में थे। लड़की का नाम निर्मला था, लेकिन रजनीकांत उन्हें प्यार से निम्मी बुलाते थे। रजनीकांत ने अपनी बायोग्राफी 'द नेम इज रजनीकांत'में इस किस्से का जिक्र किया है। रजनीकांत आज जो भी हैं, वो निम्मी की वजह से ही हैं। निर्मला एमबीबीएस की स्टूडेंट थीं। रजनीकांत अक्सर उनसे मिलते थे। निम्मी ने ही रजनीकांत को अभिनय कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित किया था। रजनीकांत, निम्मी के साथ शादी के सपने देखने लगे थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

### 10 साल में कर डालीं 100 फिल्में

रजनीकांत के कॅरियर की गाड़ी चल पड़ी तो उनके पास फिल्मों के भी खूब ऑफर आने लगे। इस बात का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि अपने कॅरियर के 10 वर्षों में उन्होंने 100 फिल्में पूरी कर डालीं। अभिनेता की 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया।

## खबर संक्षेप

### सिरसल में जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत

**ढांड।** राजकीय कन्या वमावि सिरसल में जिला स्तरीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य परमजीत की अध्यक्षता में किया गया। युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता में कक्षा 9वी से 11वीं कक्षा की छात्राओं ने भाग लिया। युवा ग्राम पंचायत में नौवीं कक्षा की छात्रा वैशाली ने सरपंच की भूमिका निभाई, जबकि भावना ने ग्राम सचिव का कार्यभार संभाला।

### पुलिस ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए

**कैथल।** कैथल पुलिस ने कड़ाके की सर्दी में मानवता की मिसाल पेश करते हुए जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की गुरुवार देर रात डीएसपी सुशील प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कैथल रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, सिविल अस्पताल परिसर तथा शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों में जाकर ठंड से जूझ रहे जरूरतमंद व्यक्तियों को गर्म कंबल प्रदान किए।

### नव प्रगति स्कूल में बच्चों ने बनाए विज्ञान के मॉडल

**जींद।** नव प्रगति विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान के विभिन्न नए रचनात्मक सोच व पर्यावरण के सुरक्षित रखने के विषय पर अलग-अलग थीम पर मॉडल बनाए। इससे कक्षा छठी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इसमें 12वीं की महक, रचना, निशु, कोमल 9वी की निधि, जतिन, गरिमा, आठवीं से मोहित, श्रुति, अंशु, प्रीत आदि ने भाग लिया।

### ललितखेड़ा की तानिया ने जीता गोल्ड मेडल

**जींद।** ललितखेड़ा गांव के आर्य वमावि की छात्रा तानिया ने उत्तर प्रदेश के बलिया में 69वीं राष्ट्रीय खेल कूद प्रतियोगिता में कुश्ती में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 69 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए फाइनल में दिल्ली की पहलवान को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। प्रधानाचार्य इंद्र सिंह मलिक ने इस शानदार उपलब्धि पर इस महिला पहलवान को बधाई दी।

### सीजेएम ने पैरा लीगल वालेंटियर की बैठक ली

**जींद।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण जींद द्वारा शुक्रवार को पैनल अधिवक्ताओं एवं पैरा लीगल वालेंटियर के लिए एक मीटिंग का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका ने की। कार्यशाला में जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, नेशनल लोक अदालत,नशा मुक्ति अभियान बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

### बॉक्सिंग में पूजा ने ब्रॉज मेडल जीता

**जींद।** राजस्थान के भरतपुर में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 (पाचवें एडिशन) में चौधरी रणबीर सिंह विवि के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विवि का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता 24 नवंबर से पांच दिसंबर तक भरतपुर राजस्थान में आयोजित की । कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में विवि की 29 सदस्यीय खिलाड़ी टीम ने कुश्ती, फेंसिंग, रग्बी और एथलेटिक्स सहित विभिन्न खेलों में भाग लेकर दमदार प्रदर्शन किया।

### दिल्ली रैली में सैकड़ों महिला लेगी भाग

**अलेवा।** महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष लाजवंती ढिल्लों ने बताया कि लोक सभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोर गद्दी छोड़ मुहिम पूरे देश में शुरू की हुई है। इसी उद्देश्य को लेकर कांग्रेस पार्टी को एक बड़ी रैली दिल्ली में रविवार को जंतर मंतर पर होने जा रही है।

### सत्य साईं बाबा का अवतरण दिवस 14 को मनाया जाएगा

**नरवाना।** आगमी 14 दिसम्बर रविवार को एसडी महिला कालेज में सत्य साई बाबा का 100वां अवतरण दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। आयोजन समिति सदस्य तिलक ने बताया की इस दिवस को बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाएगा और साथ ही बाबा से संबंधित झांकियां भी निकल जाएगी जिनको लेकर कई दिनों से तैयारी चल रही हैं।

## ओएसडीएवी स्कूल में वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

# सुंदर प्रस्तुतियों से मोहा बच्चों ने दर्शकों का मन

## नृत्य बहुत ही मनोहर तथा रोचक ढंग से प्रस्तुत किया

**कार्यक्रम को तीन चरणों में विभाजित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ओएसडीएवी पब्लिक स्कूल, कैथल में भारत की समृद्ध विरासत और विविध परंपराओं को प्रदर्शित करते हुए धरोहर और आरोहण नामक एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय के प्रबंधक जेएस नैन एवं क्षेत्रीय अधिकारी सुमन निझावन ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होकर कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। सर्वप्रथम विद्यालय की प्रधानाचार्या अंजु तलवाड़ द्वारा सभी अतिथियों तथा सभा में उपस्थित अभिभावकों का औपचारिक स्वागत किया गया । तत्पश्चात सभी अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति में गणमान्य अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रधानाचार्या ने बताया कि इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ना एवं भारत के महान वीर सपूतों के त्याग,साहस एवं राष्ट्र भक्ति से परिचित करवाना है। स्कूल छात्रों में छिपी प्रतिभा को विकसित करने हेतु एक मंच प्रदान करता है ताकि पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी इन्हें पहचान मिल सके। कार्यक्रम को तीन चरणों में विभाजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत, गणपति व सरस्वती वंदना और गायत्री मंत्र के पाठ के साथ हुई । पहले और दूसरे चरण 'धरोहर' में छात्रों ने नृत्य के माध्यम से पृथ्वीराज चौहान ,बंदा सिंह बहादुर ,सरदार वल्लभभाई पटेल ,गौतम बुद्ध, छत्रपति शिवाजी, महाराणा प्रताप, रानी लक्ष्मीबाई जैसे महापुरुषों की वीरगाथा को प्रदर्शित किया। तीसरे चरण 'आरोहण' में छात्रों द्वारा 'हम आर्य हैं' को दर्शाती कोरियोग्राफी, डीएवी संस्था द्वारा चलाए गए 'नो नशा नेशन' अभियान के अंतर्गत चेतना जागृत करता नाटक, नवभारत के उत्थान में खेल और योग का प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में महत्व को दर्शाता नृत्य बहुत ही मनोहर तथा रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथियों द्वारा स्कूल पत्रिका का विमोचन किया गया और चरित्र निर्माण में उनके समर्पण और योगदान के लिए शिक्षण संकाय की सराहना की।


कैथल। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि


कैथल। हिंदू स्कूल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### वार्षिक उत्सव मनाया

**कैथल।** हिंदू वमावि के प्रांगण में 114 वां वार्षिक उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया । कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि चौधरी परिवार की ओर से प्रसिद्ध समाजसेवी सुमेरचंद चौधरी ने शिरकत की। उन्होंने सरस्वती माता के सामने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम शुरुआत की। इसके बाद स्कूल के वार्षिक उत्सव में भाग लेने वाले छात्र और छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी और आए हुए मेहमानों और अभिभावकों का दिल जीत लिया। प्रतिभागियों के द्वारा वेलकम सोंग, गुजराती डांस, हिमाचली डांस, पंजाबी भांगड़ा, गिद्दा, हरियाणवी डांस, लाविनी डांस, आर्मी एक्ट म्यूजिकल चेयर छावा योगासन मार्शल आर्ट रामलीला गणेश वंदना और शिव तांडव इत्यादि पर अपनी प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरी। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रीमती ममता कौशिक ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों से हमारे विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है।

# वार्षिक खेल उत्सव में दिखाया इंडस पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने दमखम

- विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

इंडस पब्लिक स्कूल, कैथल में आज सप्ताह भर से चल रहे वार्षिक खेल उत्सव 2025 का उत्साहपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक समापन हुआ। प्री-नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट ऊर्जा, खेल भावना और टीमवर्क का परिचय दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय बैंड, स्वागत गीत, भांगड़ा प्रदर्शन तथा आकर्षक रिद्म एवं पी.टी. फ्यूज़न ड्रिल के साथ हुई। इसके पश्चात प्रधानाचार्या तनु पूनिया ने दौड़ का औपचारिक शुभारंभ किया, जिससे आयोजन में विशेष गरिमा और प्रोत्साहन का संचार हुआ। विद्यार्थियों ने हनी बनी रेस, पेंग्विन रेस, विगल वॉक, कोन बैलेंसिंग, स्लो साइकल, सैक रेस, कैंगारू रेस, बैक बडी सैक चैलेंज, टावर ऑफ बैलेंस और ब्लॉसम विंग्स तथा रस्साकशी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन किया। योग प्रस्तुति और कराटे डेमो ने कार्यक्रम में कौशल, संतुलन तथा आत्मविश्वास का प्रभावशाली प्रदर्शन प्रस्तुत किया। विजेताओं को तनु पुनिया एवं डायरेक्टर अभिषेक सहारण द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में माननीय प्रधानाचार्या ने प्रेरक संबोधन देकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अभिषेक सहारण ने भी कार्यक्रम की सराहना की। शिक्षकों के लिए म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता तथा सहायक स्टाफ की दौड़ों ने कार्यक्रम में उत्साह और सौहार्द का विशेष वातावरण उत्पन्न किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



राजौंद। योगेश्वर में भाग लेने वाले विद्यार्थी व योगाचार्य को सम्मानित करते हुए।

### पांच दिवसीय योग शिविर संपन्न

**राजौंद।** पीएम श्री राजकीय वमावि सोंगल में पांच दिवसीय योग शिविर संपन्न हुआ। इस दौरान सभी बच्चों व अध्यापकों और ग्रामीणों ने योग शिविर में शामिल होकर योग और प्राणायाम करके स्वास्थ्य लाभ उठाया। पांच दिवसीय योग शिविर में आर्य समाज मनीराम के मार्गदर्शन में योग शिक्षक अनिल आर्य व अभिषेक आर्य द्वारा पांच दिवसीय योग शिविर में विद्यालय के सभी बच्चों व अध्यापकों को योग के महत्व बताने के साथ-साथ योग अभ्यास भी करवाया गया। इस दौरान सभी बच्चों ने 5 दिन के योग शिविर में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। योग शिक्षकों द्वारा सभी अध्यापकों और बच्चों को ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, पद हस्तासन,मंडुकासान, शशांक आसन के साथ-साथ कपालभांति,भास्त्रीका, अनुलोम विलोम,सूर्य नमस्कार सहित प्राणायाम के अभ्यास करवाएं।

### गौरव जिला प्रधान और विक्की फिर बने सचिव

**कैथल।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा का जिला स्तरीय त्रिवार्षिक जिला सम्मेलन पेहवा चौक फायर स्टेशन में आयोजित किया ।अध्यक्षता निवर्तमान प्रधान गौरव टाँक ने की मंच संचालन सचिव विक्कीटाँक द्वारा किया । सम्मेलन का उद्घाटन एसकेएस जिला अध्यक्ष ओमपाल भाल ने किया कहा कि केंद्र व राज्य सरकार आर्थिक उदारीकरण की नीतिया तेजी से लागू कर रही ह जिससे लगातार महंगाई बेरोजगारी व भ्रष्टाचार बढ़ा है। इन पर रोक लगाने की बजाय सरकारे लोंगो का ध्यान जाति-धर्म के नाम पर बढ़ाना चाहती है। इसमें गौरव टांक को प्रधान, विक्की टांक सचिव, पिरथी सिंह कैशियर, संजीव कुमार कलयात को वरिष्ठ उपप्रधान, राजकुमार सीवन, राकेश राजौंद व सुरेंद्र कुमार कांगड़ा को उप प्रधान, राज कुमार मंचल,सूखा नौच व विधा रानी को सहसचिव, नवीन कुमार बैदी व सत्यावान पूंडरी को प्रैससचिव की जिम्मेदारी सौंपी है।

### लंबित शिकायतों को जल्द निपटाएं: एडीसी

**जींद।** मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से शुक्रवार को वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राज शेखर वुंडरू ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविर, तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त जिला स्तरीय शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने इस बैठक में सभी उपायुक्तों को लंबित शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वीसी उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर और अन्य पोर्टलो पर प्राप्त सभी शिकायतों की पूर्ण रिपोर्ट निर्धारित समयावधि में अपलोड करना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त उपायुक्त ने पंचायत, सिंचाई, राजस्व तथा बिजली विभाग की लंबित शिकायतों की प्रगति की समीक्षा की। निर्देश दिए कि सभी विभाग लंबित शिकायतों का शीघ्र समाधान कर एटीआर पोर्टल पर भी समय पर अपलोड करें। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में आई कोई भी शिकायत लंबित न रहे। यदि किसी शिकायत की कॉपी उपलब्ध नहीं हो पा रही है तो संबंधित शिकायतकर्ता से दूरभाष पर संपर्क कर अपडेट प्राप्त किया जाए।


जींद। बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते एडीसी विवेक आर्य।


जींद। ग्रामीणों को टीबी बीमारी को लेकर जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी।

### टीबी की जांच व उपचार बिल्कुल मुफ्त : सुशील

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत गांव ढांडाखेड़ी में एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा व सुनीता द्वारा टीबी से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके साथ-साथ मच्छरजनित बीमारियों से बचाव बारे व स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं से भी अवगत करवाया गया। सुशील शर्मा व सुनीता कुमारी ने बताया कि यह बीमारी किसी भी आयु वर्ग को हो सकती है। यह एक संक्रामक रोग है। जोकि कीटाणु माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस से फैलता है। कीटाणु मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है। जिसके कारण फेफड़ों की टीबी होती है। कभी कभी यह शरीर के अन्य अंगों को भी प्रभावित करता है। टीबी के संभावित मरीजों में मुख्य तौर पर दो सप्ताह से ज्यादा लगातार खांसी रहना, शाम के समय बुखार रहना, छाती में दर्द रहना, भूख न लगना, बलगम में खून आना, लगातार वजन कम होना होता है। अगर इस तरह के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत अपने बलगम की जांच करवानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जांच व इलाज बिल्कुल मुफ्त दिया जाता है।

### एडीसी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**जींद।** भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार एडीसी विवेक आर्य ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) और मतदाता सत्यापित पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) मशीनों के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। एडीसी विवेक आर्य ने चुनाव आयोग के निर्देशों के अनुसार ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को संग्रहित करने की जांच की जहां ईवीएम, सीयू, बीयू वीवीपैट सहित चुनाव सामग्री को स्ट्रांग रूम में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में सुरक्षित रखा गया है। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसी टीवी कैमरों से आवागमन की हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। लॉगबुक को जिला चुनाव अधिकारी की देखरेख में रखा जाता है। वहीं निरीक्षण को मौके पर ही भारत निर्वाचन आयोग एप पर ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के जरिये अपलोड किया गया है। अवसर पर नायब तहसीलदार प्रदीप कुमार, आम आदमी पार्टी से वजीर ढांडा, कांग्रेस पार्टी से ईशान खान, बसपा से राकेश उपस्थित थे।


जींद। स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए एडीसी विवेक आर्य।


जुलाना। महिलाओं को चुंदड़ी भेंट करती पंचायत समिति सदस्य।

### बुजुर्गों को गर्म वस्त्र वितरित किए

**जुलाना।** जींद क्षेत्र के किशनपुरा की महिला पंचायत समिति सदस्य रेनू ने छह माह के मानदेय से बुजूर्गों को गर्म वस्त्र बांटे। इस मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंचायत समिति सदस्य रेनू ने बताया कि शुक्रवार को उनका और उनके पति महिपाल कौशिक का जन्मदिवस था। इसी के उपलक्ष्य में उन्होंने कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें ग्रामीण महिलाओं को चुंदड़ी और बुजुर्गों को गर्म वस्त्र भेंट किए। पंचायत समिति सदस्य रेनू ने बताया कि उनका छह माह का वेतन 18 हजार रुपये मिला था। पति पत्नी दोनों ने निर्णय लिया कि वो वेतन को जनता की सेवा में लगाएंगे। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को लड्डु भी बांटे गए। कार्यक्रम की शुरूआत हवन करके की गई। पंचायत समिति सदस्य के सेवा भाव के कदम से पूरे गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। पंचायत समिति सदस्य रेनू के प्रतिनिधि महिपाल कौशिक ने बताया कि उन्होंने गांव में जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर और फ्री आंखों की जांच के कैंप लगवाए हैं।


जींद। सम्मेलन में भाग लेते हुए कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### लोकेश भ्याण को प्रदेश कार्यालय सचिव चुना

**जींद।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ का पांचवा प्रांतीय अधिवेशन में सुभाष शर्मा को कार्यकारी अध्यक्ष व लोकेश भ्याण को प्रदेश कार्यालय सचिव चुना है। अधिवेशन में 22 जिलों एवं खेदड़, यमुनानगर थर्मल के सभी पदाधिकारियो ने भागीदारी की। भारतीय मजदूर संघ के महामंत्री हवासिंह मैहला ने संघ की रीति नीति के बारे में विस्तार से बताया एवं अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा द्वारा पूरे प्रदेश में अनुबंधित कर्मचारियों के लिए करवाए जा रहे कार्यों के लिए सभी पदाधिकारी को बधाई दी। इसके साथ-साथ सर्विस एक्ट के बारे में भी विस्तार से बताया। प्रांत मंत्री देवीलाल गुराना ने सभी कर्मचारियों को बताया कि जब संगठन नही था तो अनुबंधित कर्मचारियों को ठेकेदार की लेबर कहते थे। आज संगठन ने आठ साल में इतने काम करवाए की आज आपकी टीम 22 के 22 जिलों में कार्य करते हुए मजबूती से अनुबंधित कर्मचारियों के हितों की लड़ाई लड़ रहा है। संगठन की बदौलत आज एक लाख 20 हजार कर्मचारियों का रोजगार सुरक्षित एवं सम्मानजनक वेतन मिला है।

# मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- 23, 24, 25 फरवरी को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास पर होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एमएसपी पर फसलों की खरीद व किसानों, मजदूरों की संपूर्ण कर्जा माफी को लेकर हरियाणा किसान, मजदूर संघर्ष मार्च के किसान नेताओं ने जाट धर्मशाला में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेकर संघर्ष का बिगुल बजा दिया है। पूरे हरियाणा में कर्ज माफी व फसलों के पूरे दाम के लिए मोर्चा यात्राओं के माध्यम से किसानों मजदूरों को एकजुट करके अपनी मांगों को लेकर 23, 24 और 25 फरवरी 2026 को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास पर किसानों मजदूरों व आमजन का जमावड़ा होगा। हरियाणा किसान मजदूर संघर्ष मोर्चे से जगदीप सिंह औलख, मनदीप सिंह नथवान, लखविंद्र सिंह औलख, अमरजीत सिंह मोहड़ी, अशोक बलहारा, जगबीर घसौला, उम्मेद फौगाट, दलबीर सिंह सोनीपत, प्रिंस, मेवात मोर्चे से हाफिस सिराजुद्दीन ने किसानों को संबोधित किया। जाट धर्मशाला में हुई मीटिंग के बाद किसानों, मजदूरों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें स्वामीनाथन आयोग के फार्मूले सी2 50 के तहत फसलों की एमएसपी तय कर फसल खरीद गारंटी कानून बनाया जाए। किसानों और मजदूरों की संपूर्ण कर्जा माफी की जाए। हरियाणा में धान खरीद घोटाला व बाजार भावांतर योजना में घोटाले की निष्पक्ष जांच एजेंसी से जांच करवाई जाए।


जींद। मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते किसान नेता। फोटो :हरिभूमि



चीका। मिशन बुनियाद कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं।

### जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**गुहला चीका।** गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चीका में खंड स्तरीय मिशन बुनियाद एवं सुपर 100 जैसी महत्वपूर्ण शैक्षिक योजनाओं के प्रति विद्यार्थियों और अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी गुहला बलवीर कश्यप ने शिरकत की। दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला विज्ञान विशेषज्ञ सुशील शर्मा ने अतिथियों, अभिभावकों और शिक्षकों को मिशन बुनियाद और सुपर 100 की बारीकियों से अवगत कराया। मिशन बुनियाद की स्टेट कोऑर्डिनेटर सुश्री दिव्या और जिला कोऑर्डिनेटर सुश्री पूजा ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। रिकॉर्डेड वीडियो संदेशों के माध्यम से जी और नीट में चयनित छात्रों के अनुभव साझा कर विद्यार्थियों को प्रेरित किया। स्कूल में पढ़ रहे मिशन बुनियाद के चयनित बच्चों ने भी अनुभव साझा किए। खंड के सभी सरकारी स्कूलों के प्रधानाचार्य, गणित व विज्ञान अध्यापक, तथा कक्षा 8 एवं 10 के तीन-तीन टॉपर विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई।

## वोट चोर, गद्दी छोड़ महारैली को लेकर कांग्रेस की बैठक संपन्न

# रैली में जाने वाले वाहनों की होगी वीडियोग्राफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसंबर को आयोजित की जा रही वोट चोर, गद्दी छोड़ महारैली को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। इस संबंध में शुक्रवार को जींद में कार्यकर्ताओ की जिला स्तरीय बैठक कांग्रेस भवन में आयोजित की । जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस प्रधान ऋषिपाल हैबतपुर ने की जबकि जिला इंचार्ज रिषि यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में में जिले के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों के कार्यकर्ताओं को रैली के लिए लोगों को ले जाने की जिम्मेदारी सौंपी गई तथा तैयारी समीक्षा की गई। बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत में रिषिपाल हैबतपुर और रिषि यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि रैली को लेकर जींद जिले के कार्यकर्ताओं में भारी जोश एवं उत्साह है। जिसके फलस्वरूप जिले के सभी पांचों विधानसभा क्षेत्रों जींद, जुलाना, सफीदों, उचाना और नरवाना से हजारों लोग दिल्ली रैली में पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि हर विधानसभा स्तर पर वाहनों की व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित कर ली गई है और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से बचने के लिए रैली में जाने वाले वाहनों की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। कांग्रेस के जिला प्रधान रिषिपाल हैबतपुर ने कहा कि यह महारैली देशभर में लोकतंत्र व मताधिकार की रक्षा के लिए एक बड़ा संदेश देने वाली है।


जींद। बैठक में भाग लेते हुए कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

### चुनाव आयोग ने आज तक नहीं दिया जवाब

आरोप लगाया कि हाल ही में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा तथ्यों सहित वोट चोरी के मामले को उजागर किए जाने के बाद भी चुनाव आयोग की ओर से अब तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर मतदाताओं की आवाज को दबाते हुए चोरी की सरकार बनाने में लगे हैं। जिला इंचार्ज रिषि यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जनहित के मुद्दों से ध्यान हटा कर जनता को भ्रमित करने की राजनीति कर रही है। जबकि कांग्रेस जनता के अधिकारोंए न्याय और पारदर्शी चुनाव व्यवस्था की लड़ाई मैदान से संसद तक मजबूती के साथ लड़ रही है। उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर को यह महारैली देश के लोकतांत्रिक इतिहास में महत्वपूर्ण साबित होगी और बड़े पैमाने पर जुटने वाली भीड़ केंद्र सरकार की नीतियों के प्रति जनता की नाराजगी का स्पष्ट संकेत देगी। इससे पहले बैठक को पूर्व विधायक सुभाष गांगोली, जींद विधानसभा से प्रत्याशी रहे महाबीर गुप्ता, पूर्व चेयरमैन पवन दूहन समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। पूर्व विधायक सुभाष गंगोली, पूर्व विधायक सूरजभान काजल, पूर्व चेयरमैन पवन दुहनएपूर्व प्रत्याशी महावीर गुप्ता, पूर्व प्रधान सुखी राम धरोदी, सुभाष आदि मौजूद रहे।


कैथल। प्रदर्शनी में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते पदाधिकारी।

### मेहनत सफलता की चाबी: शाइनी

**कैथल।** श्री गुरु नानक गर्ल्स पब्लिक स्कूल, पिसवाल में विज्ञान एवं नवाचार को समर्पित साइंस एंड मैथ्स एग्जीबिशन का भव्य आयोजन किया गया। छात्राओं ने विविध मॉडल्स और प्रोजेक्ट्स के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्रधानाचार्य शाइनी क्वात्रा ने की। कार्यक्रम में विशेष रूप से विद्यालय के डायरैक्टर डॉ. बलविंद्र पुनिया, स्कूल सैक्रेटरी महेंद्र पाल गर्ग तथा ट्रेजर दीपक गोयल ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में चिकित्सक डॉ. विनय गुप्ता एवं विशेष अतिथि के रूप में लायंस क्लब कैथल ग्रेस एवं गांव पेसवाल के सरपंच करनैल सिंह ने शिरकत की। स्कूल प्रधानाचार्य शाइनी क्वात्रा, डायरैक्टर डॉ. बलविंद्र पुनिया व मुख्य अतिथि डॉ. विनय गुप्ता एवं विशेष अतिथि लायंस क्लब कैथल ग्रेस पदाधिकारियों, अशोक मल्होत्रा एवं गांव पिसवाल के सरपंच करनैल सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

## खबर संक्षेप

### अभियान के तहत हुआ मेगा शिविर आयोजित

**कैथल।** आपकी पूंजी-आपका अधिकार के अंतर्गत शुक्रवार को जाखौली अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के हॉल में एक मेगा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य आम जनमानस को बैंक खातों में पड़ी अनक्लेम्ड जमा राशियों के संबंध में जागरूक करना तथा उन्हें उनका वैध अधिकार वापस दिलाना था। आरबीआई चंडीगढ़ से कुमार आलोक रंजन ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। एलडीएम सुमन कुमार ने बताया कि सरकारी नियमों के अनुसार यदि किसी बैंक खाते में 10 वर्षों तक कोई लेन-देन नहीं होता, तो उसमें पड़ी संपूर्ण राशि आरबीआई को स्थानांतरित कर दी जाती है।

### क्विज़ प्रतियोगिता में मैरी कॉम हाउस रहा अव्वल

**गुहला चीका।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अगोंध में वीर बाल शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायक इंटर हाउस क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को गुरु गोबिन्द सिंह, बंदा सिंह बहादुर और चारों साहिबज़ादों साहिबज़ादा अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह के अप्रतिम साहस, त्याग और शहादत से अवगत कराना था। प्रधानाचार्य संजय सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मिल्खा सिंह हाउस, ध्यानचंद हाउस, मैरी कॉम हाउस और अभिनव बिंद्रा हाउस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## कैथल सहकारी चीनी मिल में 35वें पिराई सत्र का शुभारंभ

# किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के लिए संकल्पबद्ध : शर्मा

**17 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य**




**कैथल।** भाजपा जिलाध्यक्ष चीनी मिल के पिराई सत्र का उद्घाटन करते हुए तथा चीनी मिल के पिराई सत्र में हवन में आहुति डालते एमडी कृष्ण कुमार व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

दी कैथल सहकारी चीनी मिल लिमिटेड कैथल के 35वें गन्ना पिराई सत्र की शुक्रवार को पूरे विधि-विधान के साथ शुरुआत हुई। हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़कर पिराई सत्र का उद्घाटन किया और किसानों को संबोधित किया। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने किसानों के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा गन्ने के भाव में की गई बढ़ोतरी की सराहना की

सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार अपनी किसान-हितैषी नीतियों पर अडिग है। जिसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि किसानों की मेहनत का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गन्ने के भाव में 15 रुपये की बढ़ोतरी की है, जिससे अब भाव 415 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। यह फैसला इस बात का प्रमाण है कि सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए संकल्पबद्ध है। भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि चीनी मिल सिर्फ एक उद्योग नहीं है, बल्कि किसानों की मेहनत, हमारे सहकारिता तंत्र की मजबूती और कैथल जिले की प्रगति का मुख्य स्त्रोतों में से एक है।

### एडवांस टोकन मिलेंगे

मिल के प्रबंध निदेशक कृष्ण कुमार ने किसानों की सुविधा के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिल प्रबंधन का प्रयास है कि किसान को फसल बेचने में कोई परेशानी न हो इसके लिए ऑनलाइन टोकन व्यवस्था शुरू की गई है। किसान अब घर बैठे अपनी गन्ने की ट्रॉलियों के लिए एडवांस टोकन लगा सकेंगे।

### रिकवरी दर 9.25 प्रतिशत का लक्ष्य

उन्होंने कहा कि मिल प्रशासन के अनुसार इस वर्ष 17 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मिल ने चीनी की रिकवरी दर को पिछले वर्ष के 8.34 प्रतिशत से बढ़ाकर इस वर्ष 9.25 प्रतिशत करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। बेहतर रिकवरी दर के साथ इस वर्ष लगभग 1.57 लाख क्विंटल चीनी उत्पादन की संभावना है। इस पेराई सत्र के लिए मिल के पास पर्याप्त मात्रा में गन्ना उपलब्ध है। वर्तमान में मिल से 534 किसान जुड़े हुए हैं और कुल 7045 एकड़ क्षेत्र में गन्ना खड़ा है।

### 10 रुपये प्रति थाली में उच्च गुणवत्ता वाला भोजन

अटल किसान मजदूर कैंटीन के जरिए सीजन के दौरान किसानों और ड्राइवरों को मात्र 10 रुपये प्रति थाली में उच्च गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध कराया जाता है। वहीं उन्नत किस्मों के बीज और कीटनाशकों के लिए मिल द्वारा ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा दी जा रही है। गन्ने की फसल का भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में समयबद्ध तरीके से किया जाएगा। किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने और गन्ने की खेती को बढ़ावा देने के लिए गन्ना विकास योजना के तहत 744.99 लाख रुपये (लगभग 7.45 करोड़) खर्च करने का प्रावधान किया गया है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया। एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार ने विशिष्ट अतिथि ज्योति सैनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर सांसद कार्यालय प्रभारी रविन्द्र धीमान, रोशन लाल, गन्ना प्रबंधक रामपाल, सतीश काजला, जितेंद्र कादियान, रामेश्वर दुल, नछत्र सिंह, मनीष शर्मा, जागीर सिसला, अवदेश, अजय प्रताप राणा, सुरेश कुमार, अरविंद गोलन, प्रवीण प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# आप कार्यालय में छात्र विंग की बैठक संगठन सुदृढ़ीकरण पर किया मंथन

- जिला अध्यक्ष जगमग मटौर ने भाजपा-कांग्रेस पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगमग मटौर व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

कैथल स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में पार्टी की छात्र विंग एसोसिएशन स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव ऑफ पॉलिटिक्स की एक महत्वपूर्ण बैठक आप पार्टी के जिला अध्यक्ष जगमग मटौर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में छात्र नेता रूपेश हरसौला, गुरनाम चौशाला, दीपांशु, सचिन, प्रिंस भैनी माजरा और अंशुल विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थी संगठन को मजबूत करना, युवाओं को संगठन से जोड़ना और कॉलेज-स्तर तक एएसएपी का विस्तार करना रहा। छात्र नेताओं ने एएसएपी की जमीनी पकड़ को मजबूत करने के लिए विस्तृत विचार-विमर्श किया।

### नीतियों पर भी हुई चर्चा

जिला अध्यक्ष ने दावा किया कि यदि हरियाणा में आप की सरकार बनती है तो शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन होंगे और युवाओं के लिए बेहतर अवसर तैयार किए जाएंगे। मटौर ने भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं से किए वादे पूरे नहीं किए, भर्ती घोटालों व बेरोजगारी ने छात्रों का भविष्य अंधकार में धकेल दिया है। कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा गया कि उन्होंने दशकों तक शासन करने के बाद भी शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई ठोस सुधार नहीं किया।

# वोट चोरी के नाम पर देश में भ्रम फैलाना चाहती है कांग्रेस : कंडेला

- अब लोग कांग्रेस के बहकावे में नहीं आने वाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

हरियाणा सहकारी श्रम व निर्माण प्रसंग के पूर्व चेयरमैन व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता टेकराम कंडेला ने कहा है कि देश में कांग्रेस पार्टी वोट चोरी और संविधान के नाम पर देश में भ्रम फैला कर अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहती है लेकिन हाल ही के बिहार के चुनाव में बिहार के लोगों ने कांग्रेस पार्टी का सुफडा साफ कर दिया लोगों को विश्वास हो गया है कि कांग्रेस पार्टी ने देश में हमेशा परिवारवाद व भ्रष्टाचार की राजनीति की है झूठ बोल कर लोगों को गुमराह किया है लेकिन अब लोग इनके बहकावे में नहीं आने वाले हैं।

कंडेला ने कहा कि आने वाले पश्चिम बंगाल के चुनाव में व पंजाब के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनना लगभग तय हो चुका है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से देश पूरी तरह संतुष्ट दिखाई दे रहा है। कंडेला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बढ़ती लोकप्रियता से हरियाणा में विपक्षी दलों की दुकान बंद हो चुकी हैं। कांग्रेस का वोट चोरी और संविधान के नाम पर जो अभियान चलाए हुए हैं, वह पूरी तरह से फेल साबित हो चुका है। लोगों ने उनके प्रोग्राम में आना-जाना बंद कर दिया है। कंडेला ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी किसान मजदूर गरीब आदमी के हितों के लिए 24 घंटे लोगों के बीच में रह कर उनकी समस्याओं का समाधान करते आ रहे हैं। ईवीएम की देन कांग्रेस पार्टी ही है और आज ईवीएम पर ही सवाल उठा रही है।



टेकराम कंडेला।

# सरकार के 11 साल और भाकियू के उससे 11 सवाल : राजीव आर्य

- भारतीय किसान यूनियन की बैठक गांव कौल में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भारतीय किसान यूनियन की बैठक गांव कौल में हुई। बैठक में भाकियू के युवा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ने शामिल होकर किसानों की कई समस्याओं को लेकर विचार व्यक्त किए। आर्य ने कहा कि उनके मुद्दे सरकार के 11 साल और हमारे 11 सवाल हैं। इनमें एमएसपी की गारंटी को लागू करना, बिजली को प्राइवेट किये जाने, बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट लागू करना, दूध पालन किसान की समस्या, भूमिहीन होते किसान की समस्या, बीजेपी सरकार की भूमि छीनने की पॉलिसी का स्पष्टीकरण, इंडस्ट्रीज के नाम पर, जमीन छीनकर व्यापारी को देने आदि मुद्दों पर चर्चा की गई।



**कैथल।** रोष जताते भाकियू नेता राजीव आर्य व अन्य। *फोटो :हरिभूमि*

### सरकार ने पूरे नहीं किए वादे

राजीव आर्य का कहना है कि 11 साल में सरकार ने लूटने का प्लान बनाया। उनका कहना था कि किसानों के आंदोलन के बाद किए गए वादे सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया है। उनका कहना था कि यह सरकार, पूंजीपतियों की सरकार है। जिस तरह से सरकार बन रही है और काम कर रही है, वह लोगों को दूसरे मसलों में उलझा रही है। साथ ही पीछे से पूंजीपतियों का माल बेचने का काम कर रही है। पूरे देश में सरकार के खिलाफ माहौल बना हुआ है।



**जींद।** अदिति भोला को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### हरियाणा टैलेंट सर्च परीक्षा का परिणाम घोषित

**जींद।** हरियाणा नॉलेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय हरियाणा टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। यह परीक्षा कक्षा पांचवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धात्मक सोच को बढ़ावा देना है। ग्रुप ए कक्षा वीं एवं छठी में प्रथम प्रियांशी, द्वितीय हिमांशी, तृतीय लक्षिता, ग्रुप बी कक्षा वीं एवं आठवीं में प्रथम चिराग, द्वितीय अदिति भोला, तृतीय दृ वंशदीप सिंह रहे। ग्रुप सी में कक्षा नौवीं एवं 10वीं में प्रथम आईना, द्वितीय गरनौर कौर, तृतीय मनसिरथ सिंह, ग्रुप डी कक्षा 11वीं एवं 12वीं में प्रथम केशव, द्वितीय स्नेहा, तृतीय प्रतीक रहे। महात्मा गांधी शिक्षा एवं समाज विकास संगठन के अध्यक्ष राजकुमार भोला ने बताया कि जिला स्तर पर चलाए गए जागरूकता अभियान के तहत सरकारी व निजी स्कूलों से सक्रिय संपर्क स्थापित किया गया। जिससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। एचटीएसई परिक्षा का उद्देश्य राज्यभर के मेधावी विद्यार्थियों को एक सशक्त मंच प्रदान करना है।

# वार्षिक खेलकूद समारोह के दौरान खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

- सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में द्वितीय वार्षिक खेलकूद समारोह का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



**जींद।** प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाते हुए मुख्य अतिथि। *फोटो :हरिभूमि*

सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को द्वितीय वार्षिक खेलकूद समारोह का भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्राचार्य नवीन कुमार ने की। समारोह की शुरुआत परंपरानुसार दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। डा. डीपी जैन द्वारा संपन्न किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। जिसके बाद विद्यार्थियों ने ऊर्जावान एवं अनुशासित मार्च पास्ट प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। द्वितीय से वरिष्ठ वर्ग तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। प्रमुख प्रतियोगिताओं में दौड़, जलेबी रेस, बॉल रेस, मेंढक रेस, किताब रेस, नींबू चम्मच रेस, तीन पैरों की रेस तथा रस्साकशी जैसे रोचक और मनोरंजक इवेंट शामिल रहे। सभी प्रतियोगिताएं विद्यालय में सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित की गईं। बलवान कौशिक ने विद्यार्थियों की खेल भावना की सराहना करते हुए खेलकूद प्रतियोगिताओं का औपचारिक उद्घाटन किया तथा बच्चों को निरंतर उत्कृष्टता की ओर बढने के लिए प्रेरित किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में आज 10200 केसों की होगी सुनवाई

- जींद में 9707, नरवाना में 333 और सफीदों के हैं 248 मामले
- सुनवाई के लिए अलग-अलग छह बेंचों पर होगी सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जिला न्यायालय परिसर सहित उपमंडल स्तर पर शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होने जा रहा है। इस अदालत में 10200 लंबित मामले रखे जाएंगे। इनमें जींद में 9707, नरवाना में 333 और सफीदों में 248 मामलों की सुनवाई होगी। इनमें पारिवारिक, बैंक और सिविल सहित अन्य मुकदमों की सुनवाई होगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में आम नागरिक आपसी सुलह और समझौते के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से लंबित मुकद्मों का निपटारा करवा सकते हैं। न्यायालय में लंबित मुकदमों को परस्पर सहयोग से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लेक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए जिले में न्यायाधीशों की छह बैंच लगाई जाएगी। इनमें चार बैंच जिला अदालत में बैठेंगी। जबकि उपमंडल स्तर पर नरवाना और सफीदों अदालत में एक-एक बैंच लगेगी। यह अदालत शनिवार सुबह दस बजे जिला और उपमंडल न्यायालय में शुरू होगी।




**जींद।** अदालत परिसर। *फोटो :हरिभूमि*

# पूंडरी अनाज मंडी में समस्याएं सुनने पहुंचे मार्केट कमेटी के चेयरमैन

- चेयरमैन ने दिए समस्याओं के तुरंत समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

मार्केट कमेटी पूंडरी के चेयरमैन सुभाष हजवाना व वाइस चेयरमैन देवी दयाल बरसाना ने शुक्रवार को पूंडरी अनाज मंडी का दौरा कर किसानों व आढ़तियों से उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारी भी मौजूद रहे। आढ़तियों ने चेयरमैन के समक्ष मंडी से संबंधित कई समस्याएं जैसे हाल ही में बनी नई सड़कों के कारण जो रेम्प क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें दोबारा बनाया जाए। अनाज मंडी से सटे हुड्डा रोड के किनारे बने नाले और वहां से उखाड़े गए ब्लॉक को भी पुनः निर्माण करवाया जाए।

मंडी परिसर में कुछ दुकानदारों द्वारा सीमेंट, सरिया, पत्थर जैसे व्यावसायिक सामान डाल दिया गया है, जबकि मंडी किसानों और आढ़तियों के अनाज व्यापार के लिए होती है। ऐसे सामान को तुरंत हटवाया जाए। मंडी के बैक साइड की सड़कों पर लाइटें लगाने की मांग भी उठाई गई ताकि रात के समय आवागमन में कोई दिक्कत न हो। साथ ही मंडी में साफ-सफाई की व्यवस्था को भी और बेहतर करने की आवश्यकता जताई गई।



**पूंडरी।** अनाज मंडी में आढ़तियों की समस्या सुनते हुए चेयरमैन सुभाष हजवाना।

# दुखियों व जरूरतमंद की सहायता करने वाला सच्चा भक्त : स्वामी

- दिव्यांग बंधुओं की सेवा एवं उत्थान के उद्देश्य से श्रीमद् भागवत कथा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

नारायण सेवा संस्थान उदयपुर, शाखा कैथल द्वारा दिव्यांग बंधुओं की सेवा एवं उत्थान के उद्देश्य से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन निरंतर भक्ति रस से परिपूर्ण हो रहा है। आज कथा के पंचम दिवस की पावन वेला भी अत्यंत श्रद्धा, भक्तिभाव और दिव्यता के साथ दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न हुई। कथा स्थल पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और वातावरण 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से गूंज उठा। स्वामी यमुना पूरी महाराज ने आज के पावन दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की मधुर लीलाओं एवं जीवन प्रेरणाओं का गहन वर्णन करते हुए कहा "श्रीमद् भागवत केवल कथा या ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, करुणा और सत्य के मार्ग पर चलने की दिशा दिखाने वाला दिव्य प्रकाश स्तंभ है। जब मनुष्य अपने भीतर प्रेम, विनम्रता, सद्भाव और सेवा की भावना को स्थान देता है, तब उसका जीवन स्वतः ही भगवान की कृपा से आलोकित हो जाता है।" उन्होंने "भागवत हमें यह संदेश देती है कि मनुष्य अपने कर्मों से ही महान बनता है। जो व्यक्ति दिव्यांगजन एवं जरूरतमंदों के दुखों को अपना मानकर उनकी सहायता करता है, वही सच्चा भक्त है। क्योंकि सेवा का मार्ग ही प्रभु तक पहुँचने का सबसे सरल और श्रेष्ठ मार्ग है।



प्रवचन करते स्वामी यमुना पूरी महाराज !

# समिति की बस ने ऑटो को टक्कर मारी डीजीपी के संज्ञान में पहुंचा मामला

- पुलिस ने बस को इम्पाउंड कर 33 हजार का चालान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पटियाला चौक के पास एक परिवहन समिति की बस ने आटो को टक्कर मार दी। किसी ने यह वीडियो वायरल कर दिया और मामला पुलिस महानिदेशक के संज्ञान में पहुंच गया। जिला यातायात पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए समिति की बस को काबू कर इम्पाउंड कर दिया और उस पर 33 हजार रुपये का जुर्माना लगाकर चालान कर दिया। यातायात पुलिस प्रभारी शमशेर सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि 11 बजे पटियाला चौक के पास एक परिवहन समिति की बस ने आटो में टक्कर मार दी। बस चालक ने लापरवाही से बस चलाई और आटो को क्षतिग्रस्त कर दिया। आसपास के लोगों ने भी इसमें बस चालक की लापरवाही बताई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए बस को पकड़ लिया। जींद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत बस चालक का 33 हजार रुपये का नियमानुसार चालान करके बस को इम्पाउंड कर दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी वाहन चालक द्वारा लापरवाही, यातायात नियमों की अनदेखी या किसी की जान को खतरे में डालने वाली हरकत पर तुरंत और सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसमें चाहे कोई भी वाहन हो।




**जींद।** कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक पुलिसकर्मी।

## ईंटल निवासी दिनेश केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में दे रहा सेवाएं

# जींद के दिनेश को मिला केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक

**राष्ट्रहित में किए गए उल्लेखनीय योगदान का ईनाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

जींद निवासी दिनेश को उनकी उत्कृष्ट सेवाएं कार्यकुशलता तथा राष्ट्रहित में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए केंद्रीय गृहमंत्री दक्षता पदक से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा उन कर्मियों को प्रदान किया जाता है, जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में असाधारण दक्षता, निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया हो। साथ ही केजीएच स्पेशल ऑपरेशन्स में उनके असाधारण रोल और जम्मू कश्मीर में पोस्टिंग के दौरान अलग-अलग जरूरी नेशनल असाइनमेंट्स में उनकी शानदार सर्विस को पहचान देता है। इस समय दिनेश केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में सेवाएं दे रहा है। दिनेश साल 2005 में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत केरिपुबल में सीधे नियुक्त राजपत्रित अधिकारी के रूप में भर्ती हुए। इनका जन्म जींद जिले के ईंटल कलां गांव में हुआ। एसडी हाई स्कूल जींद से प्रारंभिक स्कूली शिक्षा व स्नातक गवर्नमेंट पीजी कॉलेज जींद से की।



केंद्रीय गृह मंत्री दक्षता पदक से सम्मानित दिनेश।

### यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत गर्व का विषय : दिनेश

दिनेश ने कहा कि यह सम्मान मेरे लिए अत्यंत गर्व का विषय है। यह उपलब्धि मेरे सहकर्मियों और वरिष्ठ अधिकारियों के सहयोग से संभव हुई है। मैं गृह मंत्रालय का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मेरे कार्य को इस योग्य समझा। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने दिनेश को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दक्षता पदक दिनेश के शानदार करियर में एक मील का पत्थर जोड़ता है। उनका सेवा रिकॉर्ड साहसए दक्षता और मानवीय प्रतिबद्धता का मिश्रण दर्शाता है। दिनेश के घनिष्ठ मित्र राजकीय कालेज के प्रोफेसर विक्रम ढांडा ने बताया कि दिनेश बचपन से ही अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने वाला छात्र था। उसके स्कूल व कॉलेज के साथी इंडस स्कूल जींद के उप प्राचार्य प्रवीन कुमार ने बताया कि दिनेश का सपना देश की सेवा करने का था। जब उन्हें यह मौका मिला वे दिल जान से इस काम में लग गए।

### सहयोगियों ने की प्रशंसा

सीआरपीएफ में उनके साथी व सहयोगी उनको एक ऐसा ऑफिसर बताते हैं कि दिनेश अनुशासन, कमिटमेंट और टीम स्पिरिट के लिए जाने जाते हैं। जो लगातार मजबूती और ड्यूटी के प्रति पक्की लगन, अपने सहकर्मियों के साथ मिल कर आगे बढ़कर लीड करते हुए हमेशा दिखाई देते हैं। उनकी उपलब्धियों ने न सिर्फ उनके परिवार को बल्कि इंटेल कलां गांव और पूरे जींद जिले को भी बहुत गर्व महसूस कराया है। उनके गांव के लोग उनकी इस कामयाबी का जश्न मना रहे हैं।